an>

# Title: Regarding Operation of Rewa-Mumbai CSMT train (Train no. 02187/88) - laid

**श्री जनार्दन मिश्र (रीवा):** पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 02187 रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच प्रत्येक गुरूवार को चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 28 जुलाई 2022 तक और वापसी में गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रीवा के बीच प्रत्येक शुक्रवार को चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 29 जुलाई 2022 तक के लिए विस्तारित की गई है । उक्त ट्रेन ने चलाई गयी अवधि के दौरान रिकोर्ड राजस्व अर्जित किया है। इस गाड़ी की लोकप्रियता को देखते हुए मेरा रेल मंत्री जी अनुरोध है कि इस गाड़ी को नियमित रूप से चलाया जाए जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों, इलाज के लिए जाने वाले मरीज़ों , व्यापार एवं नौकरी पेशा लोगों के लिए सुविधा प्रदान होती रहेगी।